दिनांकः 28.04.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू के हालात को देखते हुए राज्यों को तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।
- प्रदेश में भीषण गर्मी के दौर के बीच विभिन्न जिलों में लू और तापघात से बचाव के लिए हीट एक्शन प्लान सक्रिय।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर दिया।
- प्रदेश में निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इंडो–अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने राजस्थान चैप्टर लॉंच किया।

000

केन्द्र सरकार ने बढ़ते तापमान और लू के प्रतिकूल प्रभावों से कामगारों और मजदूरों को बचाने के लिए राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी किया है। राज्यों को तत्काल सुरक्षा उपाय करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों से कहा है कि वे पर्याप्त पेयजल सुविधाएं सुनिश्चित करें तथा विश्राम स्थलों और कार्यस्थलों को ठंडा रखने का प्रावधान करें। साथ ही लू के मामलों के लिए विशेष हेल्प डेस्क बनाए जाएं। इसके अलावा ओआरएस, आईस पैक और अन्य रोकथाम सामग्रियों के पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी भीषण गर्मी और लू के प्रकोप वाले 21 राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिख कर राहत उपायों को लागू करने को कहा है। आयोग ने राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला भी दिया है। इसके अनुसार साल 2019 से 2023 के बीच देश में लू के कारण 3 हजार 700 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।

इधर, राज्य में भी चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से प्रचंड गर्मी को देखते हुए लोगों से एहतियात बरतने की अपील की जा रही है।

000

राज्य में पिछले दो दिनों से मौसम के अलग–अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। एक ओर अधिकतर स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का दौर बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर कुछ जिलों में आंधी–बारिश की गतिविधियां भी देखी जा रही हैं।

हालांकि इनसे तेज गर्मी से मामूली राहत ही मिल रही है। ज्यादातर स्थानों पर दिन का पारा 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है, जो सामान्य से काफी अधिक है। जैसलमेर, बाड़मेर, कोटा, झुंझुनूं, फलौदी में झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। दिन में हीटवेव के अलावा इन दिनों रातें भी काफी गर्म बनी हुई हैं। विभिन्न जिलों में लू और तापघात से बचाव के लिए व्यापक हीट एक्शन प्लान सक्रिय किया गया है। इसके तहत अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में लू और तापघात के मरीजों के लिए बैड आरक्षित किये गये हैं। वहीं कोटा और जयपुर में सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आज 11 जिलों में आंधी–बारिश का येलो अलर्ट बताया है। अलवर, झुंझुनूं और कोटपूतली–बहरोड़ में तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा आज महिलाएं तमाम चुनौतियों के बावजूद हर क्षेत्र में आगे बढ रही हैं। ऐसे में उन्हें सुरक्षित माहौल देना सरकार की जिम्मेदारी है। श्री मोदी आज वाराणसी में आयोजित नारी वंदन सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने महिलाओं को विकसित भारत का मजबूत आधार स्तंभ बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढाना आवश्यक है।

--------------------

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन दोनों नई सेवाओं के शुरू होने जाने से देश में चालू अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल संख्या बढ़कर 66 हो गई है।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज जयपुर में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की। इस उच्च स्तरीय बैठक में गर्मी के मौसम में प्रदेश में पर्याप्त बिजली आपूर्ति, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कुसुम योजना की प्रगति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान बिजली कटौती कम करने और किसानों को दिन में बिजली देने संबंधी व्यवस्थाओं पर काम करने के निर्देश दिये गये।

000

राज्य सरकार की कल्याणकारी योजानाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में ग्राम रथ अभियान शरू किया गया है। 15 दिन के इस अभियान के माध्यम से जयपुर में अगले महीने होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम–2026 का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सलूम्बर, बाड़मेर, पाली, जैसलमेर, कोटा, चूरू, डूंगरपुर, सहित विभिन्न जिलों में विकास रथों को रवाना किया गया। ये रथ कृषि, पशुपालन, बागवानी और फूड प्रोसेसिंग सहित 13 विभागों की योजनाएं ग्रामीणों तक पहुंचाएंगे। इस दौरान कला जत्थों की प्रस्तुतियों के माध्यम से भी लोगों को जागरुक किया जाएगा। डूंगरपुर में आज जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने इन रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान रोजाना संध्या चौपाल भी लगाई जाएगी।

------------------

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में नवाचार आधारित पहल करने को कहा है। वे आज जयपुर में विभिन्न विभागों के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों के साि संवाद कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि नीति निर्माण में संयुक्त सचिवों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों से नई योजनाओं के लिए सुझाव देने और जनहितकारी नीतियों को आगे बढ़ाने को भी कहा।

000

इंडो–अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स–आईएसीसी ने राजस्थान चैप्टर लॉंच किया है। भारत और अमेरिका के आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए ये चैप्टर प्रदेश में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने वाले मंच के रूप में काम करेगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर में द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार–जीआईटीबी में इसका उद्घाटन किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये चैप्टर राज्य के उद्योगों को अमेरिकी कम्पनियों के साथ जोड़ने और द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

-----------------

आईएसीसी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित भसीन ने कहा कि इस चैप्टर के जरिये कारोबारियों की नेटवर्किंग मजबूत होगी।

000

राज्य में जनगणना 2027 का पहला चरण 1 मई से शुरू होने जा रहा है। 15 मई तक स्व–गणना होगी। उसके बाद 16 मई से 14 जून तक घर–घर जाकर मकानों की गिनती की जाएगी। देश में पहली बार स्व–गणना का अवसर दिया गया है। इसके माध्यम से लोग खुद पोर्टल पर जाकर जनगणना अनुसूची भर सकेंगे। सभी जिला कलेक्टर नागरिकों से जनगणना के दौरान सही जानकारी देने और इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में नागौर जिला कलेक्टर देवेन्द्र सिंह ने लोगों से जनगणना कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया है।

---------------

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए विभिन्न देशों से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया है। श्री सिंह किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित सीमा पार आतंकवाद परिषद्–एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न व्यापार मार्गों के शांतिपूर्ण संरक्षण में संरक्षक के रूप में एससीओ की भूमिका महत्वपूर्ण है। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के पीड़ितों को याद करते हुए श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ अपना कड़ा रुख दिखा दिया।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद की कोई विचारधारा और राष्ट्रीयता नहीं होती, इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

--------------

000

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत की परिवहन प्रणालियां वैश्विक मानदंडों के अनुरूप होनी चाहिए, जिससे नागरिकों को सुरक्षित, कारगर और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिल सके। नई दिल्ली में आज बसवर्ल्ड भारत सम्मेलन–2026 में श्री गडकरी ने कहा कि देश में उच्च गुणवत्ता वाले राजमार्गों के विकास से यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आई है और कनेक्टिविटी में सुधार हुआ है। श्री गडकरी ने बताया कि देश में 36 नए एक्सप्रैस राजमार्गों का विकास हो रहा है, जिससे तेज, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढावा दिया जा सके।

000

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए **राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी** की पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, प्रकाशन और वितरण के कामों की समीक्षा की। श्री प्रधान ने खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए समय पर पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को इसके लिए वितरण एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने, पुस्तकों की भौतिक प्रति पंहुचने तक ई–पाठशाला को सक्रिय रखने को कहा, जिससे विद्यार्थी अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

000